तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार, 13 अक्टूबर 2024

09 गरबा में मातृशक्तियों की भागीदारी व सहभागिता...



10 कहीं आंगा सांगा के साथ उत्सव, तो कहीं रावण दहन बिना ही...





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### कंडेल में नाचा आज

**पुरी।** ग्राम कंडेल में दशहरा के पावन पर्व पर नाचा का आयोजन 13 अक्टूबर को किया गया है। मां अम्बे की खोज नाचा पार्टी ग्राम गज्जूटोला अंबागढ़ चौकी मानपुरगोला का कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारी में पुष्पा नेताम सरपंच, कोमल साहू उपसरपंच, पंचगण समेत ग्रामवासी जुटे हैं।

### सिवनी खुर्द में आज मनेगा दशहरा

**धमतरी।** ग्राम सिवनीखुर्द स्कूलपारा में 13 अक्टूबर रविवार को एकादशी पर दशहरा महोत्सव मनाया जायेगा। रावण वध के बाद मोर मयारू बेटा नाचा पार्टी भाठागांव सिकोसा बालोद का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में रोमनाथ साहू, रोहित, जनक, रविन्द्र दीवान, नेमन साहू जुटे हैं। यह जानकारी सुभाष साहू ने दी है।

### गुरूर में विजयादशमी उत्सव आज

**पुरूर(धमतरी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गुरूर में विजयादशमी उत्सव 13 अक्टूबर को देउर मंदिर प्रांगण गुरूर में दोपहर 3 बजे आयोजित किया गया है। स्वयं सेवक एमआर राजपुरिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रशांत सोनी विभाग सपंर्क प्रमुख राजनांदगांव होंगे। अध्यक्षता जीके साहू करेंगे। दोपहर 3 बजे सम्पत, संचलन प्रारंभ 3.10 से 3.50 तक एवं बौद्धिक सम्पत शाम 4 बजे होगा।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पुरूर मिर्रीटोला निवासी प्रहलाद सोरी पिता प्रेमलाल उम्र 24 वर्ष मजदूरी का काम करता था। युवक शराब सेवन करने का आदी था। बीते गुरूवार को युवक ने शराब का सेवन किया था। नशे की हालत में दोपहर को युवक ने अपने घर में जहर का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को मर्ग कायम किया। पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।


शहर समेत गांवों में विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया, हुई आकर्षक आतिशबाजी

# भगवान राम ने पुतले की नाभि पर चलाया तीर, लंकापति रावण के मुंह से निकली आग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नवरात्रि के बाद दशमी तिथि पर शनिवार को विजयादशमी पर्व अंचल में धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष भी शहर का प्रमुख कार्यक्रम रामलीला मैदान बिलाईमाता मंदिर के पास निगम द्वारा आयोजित किया गया, जहां ग्राम कोलियारी की रामलीला मंडली ने नाटक का मंचन किया। रामलीला डेढ़ घंटे तक चली। इसके बाद भगवान राम ने तीर से रावण के पुतले की नाभि पर वार किया, जहां चक्र डालते ही रावण का पुतला धूं-धूं कर जला। तीर लगते ही रावण के मुंह ने आग उगली। रावण दहन इस वर्ष काफी रोमांचकारी था। आतिशबाजी ने मन मोह लिया। इस वर्ष लोगों ने निगम की तैयारी की सराहना की। रावण पुतला हष्ट- पुष्ट था। भारी भरकम शरीर के साथ बड़ी साइज का सिर, तलवार और ढाल ने लोगों को आकर्षित किया। इस वर्ष रावण का पुतला 40 फीट ऊंचा बनाया गया था। रावण दहन के बाद 12 प्रकार की आतिशबाजी हुई जिसमें पांच सितारा चक्कर, बिन बादल बरसात, नौ रंग चक्कर सूरजमुखी, गुब्बारा, साउंड, गोल्डन सेहरा, झाड़ू







झरना, झूला चक्र, कैलाश मंडल, नूरानी सेहरा, चंदन हार, नीली बरसात, आसमानी मेला, अनार आदि ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान हजारों दर्शकों की भीड़ नजर आई। सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग बैरिकेड्स बनाए गए थे। सैकड़ों पुलिस के जवान तैनात थे। दशानन वध के बाद लोगों ने रैनीपत्ता लूटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, रामू रोहरा, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, रंजना साहू, गुरूमुख सिंह होरा, हरषद मेहता, डॉ. एनपी गुप्ता, शरद लोहाना, प्रकाश बैस, सभापति अनुराग मसीह, नरेन्द्र रोहरा, मनीषा साहू, कांति सोनवानी, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी सहित पार्षद शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### मराठा समाज ने निकाला जुलूस

दशहरा के अवसर पर मराठा समाज ने शाम 7 बजे शहर के मुख्य मार्गों में जुलूस निकाला। सर्वप्रथम मां तुलजा भवानी में पूजा-अर्चनाख, आरती पश्चात जुलूस सदरबाजार, गणेश चौक, रामबाग होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचा, जहां माता की पूजा अर्चना के बाद जुलूस समाप्त हुआ। बता दें कि मराठा समाज द्वारा हर वर्ष दशहरा के अवसर पर विजय जुलूस निकाला जाता है।

### बिलाई माता मंदिर से रामबाग तक मेला सा माहौल

रावण दहन को लेकर रामलीला मैदान एवं सड़क में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। बिलाई माता मंदिर से रामबाग तक मेला सा माहौल था। रोड के किनारे दोनों ओर खाने पीने की वस्तुओं की दुकानें लगी हुई थी। रामलीला मैदान दर्शक से खचाखच भरा हुआ था। वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया।

## बंगाली समाज की महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म निभाई





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- पांच दिवसीय बंगाली दुर्गा पूजा का हुआ समापन

बंगाली समाज ने दुर्गा पूजा के अंतिम दिन सिंदूर खेला की परम्परागत रस्म पूरी की। इस दौरान समाज की महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। धमतरी बंगाली समाज के तत्वावधान में शारदीय दुर्गा पूजा का आयोजन विवेकानंद कालोनी स्थित महाराणा प्रताप गार्डन में किया गया।


दुर्गा पूजा के अंतिम दिन शनिवार को दुर्गा विसर्जन से पहले माता के समक्ष घट और दर्पण को रखा। बारी- बारी से पुरूष और महिलाओं ने दर्पण में माता के पांव के दर्शन किए। समाज के अध्यक्ष मृत्युंजयकर ने बताया कि दर्पण से माता के पग का दर्शन करना सौभाग्य माना जाता है। उन्होंने बताया कि सिंदूर खेला रस्म से पहले महिलाएं माता के सामने धुनुची नृत्य करती हैं। इसके बाद महिलाएं माता को मिठाई खिलाती हैं। जल पिलाने के बाद मां को पान सुपाड़ी खिलाया जाता है। फिर माता को सिंदूर लगाया जाता है। माता के अमिट सिंदूर से सुहागिन महिलाएं एक दूसरे के साथ सिंदूर की होली खेलती हैं। यह रस्म सामाजिक एकता एवं आनंद की भावना को दर्शाती है। समाज में यह रस्म महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखती है।

सिंदूर खेला में समाज की सीमा साहा, रंजना भट्टाचार्य, शिवानी साहा, मुक्ता नाग चौधरी, मनीषा साहा, तापसी राय चौधरी, लिपि पाटीकर, मंजु गोस्वामी, मीनू पवार, चानुदास, ममता कुमार, शोभा साव, मीठू मुखर्जी, मधुमिता डे, नैना दत्ता, दीपा साहा, शंपा हाजरा सहित समाज की अनेक महिलाएं शामिल हुईं।

## दशहरा पर्व पर पुलिस विभाग ने की शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

दशहरा पर्व पर पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाइन में शस्त्र की पूजा-अर्चना की गई। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा के अवसर पर स्थानीय पुलिस लाइन रूद्री में परम्परानुसार शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा विधि-विधान से शस्त्र की पूजा संपन्न कराई गई। शस्त्र पूजा के बाद रक्षित केंद्र परिसर में वाहनों की भी पूजा की गई। एसपी, एएसपी, डीएसपी व रक्षित निरीक्षक



द्वारा हर्ष फायर भी किया गया। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों के साथ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान एएसपी सुशील नायक, डीएसपी भावेश साव, मणिशंकर चंद्रा, सुश्री नेहा पवार, रागिनी मिश्रा, होमगार्ड कमांडेट शोभा ठाकुर, वैज्ञानिक अधिकारी अमित पटेल, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, निरीक्षक सन्नी दुबे, स्टेनो अखिलेश शुक्ला, अमित बघेल, आरके साहू, एएसआई रामावतार राजपूत, प्रआ रामविलास मिश्रा, डिगेश शर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 को

**जीजामगांव।** छग शासकीय निःशक्त अधिकारी- कर्मचारी कल्याण संघ, दिव्यांग प्रेरणाजन कल्याण समिति व जन सेवा संस्थान द्वारा 15 अक्टूबर मंगलवार को राज्यस्तरीय विवाह योग्य दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामुदायिक भवन बिलाई माता मंदिर के पीछे आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री होंगी। यह जानकारी मंत्री गाडगे एवं डिकेश्वर साहू ने दी है।

## राजस्थान के दो अफीम तस्कर गिरफ्तार



- आरोपियों से 72 हजार का अफीम बरामद
- कोतवाली व साइबर पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नहरनाका के पास अफीम बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे राजस्थान के दो तस्करों को कोतवाली व साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली को मुखबिर से सिहावा रोड नहर नाका चौक में दो व्यक्ति को अफीम बेचने ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली व साइबर सेल की टीम तत्काल नहरनाका चौक पहुंची। यहां आरोपी बाबूराम विश्नोई व पेयाराम विश्नोई के कब्जे से एक काला रंग का बैग बरामद किया। तलाशी के दौरान बैग के भीतर से टेप लगा पैकेट बरामद किया गया। इसमें मादक पदार्थ अफीम रखा हुआ था। बरामद अफीम का वजन 680 ग्राम कीमत 72 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी बाबूराम विश्नोई पिता मयाराम 59 वर्ष व पेयाराम विश्नोई पिता अणदाराम 55 वर्ष दोनों हेमनगर जोलियाली थाना झवर जिला जोधपुर राजस्थान निवासी को धारा 17/बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में कोतवाली पुलिस राजेश मरई, साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, एएसआई संतोषी, आरक्षक योगेश नाग, कृष्णा पाटिल, रूपेश साहू, मुरली पटेल, जसवंत साहू, नीरज ठाकुर व टिकेश्वर नेताम का योगदान रहा।

## ग्रामीणों पर विद्युत तार टूटकर गिरा, करंट से 15 घायल

- कंवर में दुर्गा विसर्जन के दौरान डांग-डोली में लगे पीतल का कलश विद्युत तार से टकराया
- घायलों का गुरूर व जिला अस्पताल में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी


गांव में स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जा रहे लोगों पर विद्युत तार टूटकर गिर गया। करंट की चपेट में आने से 15 लोग घायल हो गए। घायलों का गुरूर व जिला अस्पताल में उपचार जारी है।




ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को थाना क्षेत्र के ग्राम कंवर में नवरात्रि के अवसर पर गुड़ी चौक, बाजार चौक व नरसिंगनाथ पारा में दुर्गा देवी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। गांव में स्थापित सभी देवी प्रतिमाओं का एक साथ विसर्जन के लिए तालाब में ले जाने की परंपरा है। हवन-पूजन के बाद ग्रामीण शनिवार को सभी प्रतिमाओं को एक स्थान विसर्जन के लिए गांव के तालाब में ले जा रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों पर देवी देवता सवार हो गया। सभी डांग-डोली व मड़ई लेकर देवी प्रतिमाओं के आगे जा रहे थे। इसी दौरान डांग के सिरे पर लगे पीतल का कलश ऊपर से गुजरे विद्युत तार से टकरा गया। इससे विद्युत तार टूटकर नीचे खड़े लोगों पर गिर गया। इस घटना से वहां पर चीख पुकार मच गई। लगभग 15 लोग करंट की चपेट में आ गए। घायलों को उपचार के लिए गुरूर अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल परमेश्वर पटेल पिता रामकुमार 28 वर्ष, धनराज पटेल पिता अजीत 12 वर्ष व सागर साहू पिता रोहित 10 वर्ष को इलाज के लिए कार के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया। घटना में परमेश्वर की हालत गंभीर है। वहीं दो घायलों का गला व हाथ करंट की चपेट में आया है। प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर घायलों का उपचार किया जा रहा है। करंट की चपेट में आये अन्य लोगों का गुरूर अस्पताल में इलाज जारी है।

इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नगर धमतरी ने मनाया विजयादशमी उत्सव, नगर पथ संचालन निकला

# डा. हेडगेवार ने मां भारती की सेवा करने का जज्बा जगाया : नामदेव







हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नगर धमतरी ने शनिवार को दशहरा के मौके पर दोपहर 3 बजे बाबू पंढरीराव कृदत्त स्टेडियम में विजयादशमी उत्सव मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका सुषमा देवेंद्र नंदा थीं। मुख्य वक्ता सहप्रांत प्रचारक नारायण नामदेव थे।

मंचीय कार्यक्रम में श्री नामदेव ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान ने हमें मनुष्य बनाया है। उससे भी ज्यादा सौभाग्यशाली हैं कि हमने भारत भूमि में जन्म लिया है जहां भगवान ने अवतार लिया है। यहां हजारों संत महापुरूषों का जन्म हुआ है, जिससे हमें प्रेरणा मिलती है। हमें गौरव प्रदान किया है। हमें अवसर मिला है कि हम मां भारती के सच्चे सेवक बने। भारत महान देश है। भारत भूमि ने महान सपूतों को जन्म दिया है, उसमें डा.हेडगेवार भी हैं जिन्होंने मां भारती की सेवा करने के उद्देश्य से संघ की स्थापना की है। आज यह संघ विशाल वृक्ष बन गया है। उन्होंने गुलामी की मानसिकता से निकलकर देशभक्ति का जज्बा जगाया। हमें पुनर्जीवित किया। धमतरी में भी बाबूजी जैसे स्वयंसेवक का जन्म हुआ, जिन्हें स्मरण करना उचित है। आनंद, देवेंद्र, मोहन कौशिक, नरेंद्र सिन्हा, पांडुराम मोघे जैसे कार्यकर्ता रहे। हमें संघ को समझना है। संघ की शाखा खुले मैदान में लगती है। देश की सेवा होती है। संघ को समझना है तो शाखा में आना होगा। संघ में सिखाया जाता है कि भारत को शिखर में कैसे ले जाना है। संघ जनजागरण करने का काम करता है। अहिल्या देवी होल्कर ने देशभक्ति का पाठ पढ़ाया। आधुनिक युग में वैचारिक और धर्मयुद्ध हो रहा है। ऐसे आक्रमणकारियों से बचना होगा। देश को बचाना होगा। भ्रामक प्रचार से बचना है। धर्मान्तरण को रोकना होगा। यह सब समाज को जागृत करने के बाद होगा। समाज को चुनौतियों से लड़ने तैयार करना होगा। जनता जागृत होगी तभी देश सेवा होगी। बातें करने और नारे लगाने से काम नहीं चलेगा। जमीनी स्तर पर काम करना होगा। लोगों को जागृत करना होगा। विधर्मी डरे ऐसे माहौल बन जाएं तो धर्मान्तरण रुक सकता है। संघ अपना 100 वां वर्ष पूर्ण कर रहा है। हमें अभी बहुत काम करना है। आज भारत का सम्मान बढ़ा है। पूरी दुनिया में भारत की जय हो रही है। हमें ⏩ शेष पेज 08 पर

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**



### अकादमी में डॉग स्क्वायड की दी जा रही ट्रेनिंग

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में बीते एक साल से अभ्यर्थियों को आर्मी, नेवी, थल सेना, अग्निविर, जीडी पुलिस, एसएसी, होमगार्ड, फिजिकल फिटनेस की निःशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू, प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू ने बताया कि अकादमी में डॉग स्क्वायड की भी ट्रेनिंग शुरू हो गई है। ज्ञात हो कि डीजी ट्रेनिंग अकादमी में कालिया, टाइगर, साधु, लाला, डाबर, मोती डॉग्स शामिल हैं। ये सभी सुबह पांच बजे ट्रेनिंग के लिए ग्राउंड में उपस्थित हो जाते हैं।

### राजपुर में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का स्वागत

**मगरलोड।** राज्य सरकार ने धमतरी जिले के ग्राम बारना निवासी नेहरू राम निषाद को पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाया। ग्राम राजपुर में जिला निषाद समाज के कोषाध्यक्ष शंभू निषाद के निवास में उनका आगमन हुआ।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### डा. हेडगेवार ने मां भारती की सेवा करने का जज्बा जगाया : नामदेव

समरसता लाना है, विषमता को दूर करना है। सुख परोपकार की भावना लाना है। संस्कार, आदर्श स्थापित करना है। मंच पर जिला संघचालक श्याम अग्रवाल एवं नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र उपस्थित थे। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व दोपहर 3 बजे पथ संचलन हुआ।

पथ संचलन इंडोर स्टेडियम से प्रारंभ हुआ जो गौरव पथ होते हुए रिसाईमाता मंदिर, शिवचौक, देवश्री टाकिज रोड, मठमंदिर चौक, सदरबाजार, इतवारी बाजार होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंचा। ध्वजवाहक नगर प्रचार प्रमुख उमेशसिंह बशिष्ट थे। वे भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का शहर के गणमान्य नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बाद ध्वज को प्रणाम किया गया। अतिथियों ने मां भारती, डा. केशव बलीराम हेडगेवार, गुरूजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शस्त्र पूजा की। गीत, एकल गीत, अमृत वचन के बाद मंचीय कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

कौमी एकता का प्रतीक विजयादशमी पर्व आज मनाया जायेगा, आंध्रप्रदेश की आतिशबाजी बनायेगी पर्व को खास

# नगरी में 30 फीट रावण के पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नव आनंद कला मंदिर नगरी द्वारा आयोजित नगर स्तरीय नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव के तहत विजयादशमी का आयोजन 13 अक्टूबर को रावणभाठा मैदान पर संध्या 5 बजे होगा। श्रीराम नव युवक परिषद नगरी के सचिव नरेश छेदैहा ने बताया कि विजयादशमी पर्व को नगर के सभी जाति और धर्म के लोग उत्साहपूर्वक मनाते हैं। यह कौमी एकता की मिसाल भी है। इस मौके पर 30 फीट के रावण पुतले का दहन होगा। कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश की आकर्षक आतिशबाजी होगी। दशहरा देखने आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में पहुंचते हैं। नगरी बस्तर राजवाड़ा से संबंधित नगर है। राजवाड़ा गांवों में यह परम्परा आज भी क़ायम है। रात्रि में 9 बजे से हाईस्कूल मैदान पर सोनमछरी फेम के सुपरस्टार विवेक शर्मा एण्ड ग्रुप दूरदर्शन ग्रेडेड कलाकार रायपुर की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की चुस्त व्यवस्था रहेगी।




कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष यशवंत साहू, सचिव जसपाल सिंह,खनुजा, सहसचिव अशोक पटेल, योगेश साहू, रोहित सिन्हा, उपाध्यक्ष होरीलाल पटेल, हरीश यादव, पुरुषोत्तम निर्मलकर, रूपेंद्र साहू, शैलेंद्र लाहोरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष अराधना शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नन्द यादव, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, सचिव प्रदीप जैन, सहसचिव दीनदयाल सरपा, श्रीराम नव युवक परिषद के अध्यक्ष गजेन्द्र कंचन, उपाध्यक्ष सुरेश साहू, शिव साहू, कोषाध्यक्ष बृजलाल सार्वा, सहसचिव भरत साहू, अश्वनी यादव समेत समिति से जुड़े लोग जुटे हैं। विजयादशमी पर नई बस्ती सेवा दल द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा।

### निकलेगी भव्य शोभायात्रा

दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ ही रामजी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कार्यक्रम स्थल रावणभाठा पहुंचेगी जहां पर रावण वध पर आधारित रामलीला का मंचन होगा। शोभायात्रा में रामदल और रावण दल के सुसज्जित कलाकार बग्गी में सवार होकर शामिल होंगे।

### बस्तर महाराजा का सिंहासन आज भी साक्ष्य



नगरी के गांधी चौक राजाबाड़ा में बस्तर राजवाड़ा की स्मृतियां विद्यमान हैं। यहां दंतेश्वरी मंदिर स्थापित है जिसकी प्रतिमा को बस्तर महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव ने स्थापित किया था। मंदिर में बस्तर महाराजा का सिंहासन आज भी साक्ष्य बना हुआ है। इसे संजोकर रखा गया है। राज सिंहासन पर पूजा के दौरान पुजारी ईतवारी नेताम द्वारा प्रतिदिन पुष्प अर्पित किया जाता है। मंदिर में महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव एवं महारानी वेदवती का दुर्लभ चित्र भी है।

## मिनी झांकी में बच्चों ने कला कौशल का किया प्रदर्शन

■ राधाकृष्ण एवं अणुबम गणेश उत्सव समिति ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

विगत कुछ वर्षों से कुरूद नगर में छोटे बच्चों की कलात्मकता और प्रतिभा को नया आयाम देने के लिए मिनी झांकी स्पर्धा का आयोजन हो रहा है। इस बार भी अणुबम गणेश उत्सव समिति ब्राम्हणपारा आजाद चौक और श्री राधाकृष्ण मंदिर गणेश उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया। ब्राह्मणपारा में शुक्रवार रात्रि 8 बजे से इसका आयोजन हुआ। अनुबम गणेश उत्सव समिति द्वारा मंच बनाकर सभी मिनी झांकियों का स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न वार्डों के बच्चों और उनकी टीम द्वारा एक से बढ़कर एक मिनी झांकी का प्रदर्शन किया गया। सरोजनी चौक से डेमन साहू, अणुबम गणेश उत्सव से प्रिंसु बैस, पचरीपारा से पुष्कर ध्रुवंशी, दानीपारा से गोगा सिन्हा, कचहरी चौक से जय यादव, इंदिरा नगर से आकाश शर्मा, कचहरी चौक से ही सिद्धार्थ निर्मलकर, सूर्य नमस्कार चौक से चैतन्य देवांगन, संजय नगर से धैर्य साहू, हुतात्मा चौक से आर्य चंद्राकर, गांधी चौक से गोपी सिन्हा, दानीपारा से चिंटू देवांगन, सरोजनी चौक से मोहित ध्रुव, दिव्य हनुमान मंदिर से विकास साहू, कलारपारा से जितेंद्र सिन्हा, आजाद चौक से हर्षु बैस, भोईपारा से बंटी रतलानी सहित बच्चों की टीम ने मनभावन और शानदार झांकी का प्रदर्शन कर मन मोह लिया। सभी झांकी को आयोजकों द्वारा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके विजेताओं की घोषणा नगर दशहरा मंच पर रावण दहन कार्यक्रम के दौरान की जाएगी और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।




## माता को नम आंखों से दी विदाई

**बगदेही(धमतरी)।** नव युवा दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कोर्रा के बाजार चौक में नवरात्रि पर्व पर माता की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पूरे 9 दिन तक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। प्रत्येक दिन जस झांकी की सुंदर प्रस्तुति, भंडारा, ज्योति कलश स्थापना, भव्य झांकी व जात्रा निकाला गया। माता को नम आंखों से विदाई दी गई। ग्राम में माता की झांकी की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य मुन्ना, अमन, भारती, पंकज, देवेंद्र समेत अन्य उपस्थित थे।



# माता की विदाई में ग्रामीणों की आंखें हुईं नम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में नम आंखों से मां शेरावाली को विदाई दी गई। 3 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हुई। कलश की स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा की गई। 11 अक्टूबर महानवमी पर हवन पूजन कर 12 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन मां को विदाई दी गई।

इस वर्ष भी दुर्गा पूजा में भैंसबोड़वासी डूबे रहे। यहां 151 देवी-देवताओं को एक भव्य पंडाल बनाकर स्थापित किया गया था। भक्तों को 12 ज्योतिर्लिंग एवं अनेक प्रकार की झाकियां देखने को मिली। दुर्गा पूजा में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से अपनी मुराद मांगते हैं उसकी मुराद मां दुर्गा जरूर पूरी कर देती हैं। 10 दिन पूरा गांव भक्तिमय और माता के जयकारों से गूंज उठा। प्रतिदिन मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। विजयादशमी के दिन मां की विदाई की गई। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पुराना बाजार चौक, शिवशक्ति दुर्गोत्सव नया बाजार चौक, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति खंतीपारा एवं शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति टिकरापारा में विराजित देवी दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों से विदाई दी गई। गांव की सेवा समिति के सेवका मां दुर्गा के विदाई गीत एवं जस सेवा गीत गाकर विदाई दर। इस दौरान सबकी आंखें नम थीं। सभी ने माता से सुख, शांति, सद्भाव की प्रार्थना की। दुर्गा माता की प्रतिमा को पूरे गांव में भ्रमण करवाकर गांव के बांधा तालाब में विसर्जित किया गया। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति द्वारा बोये हुए ज्योत जंवारा का विसर्जन भी किया गया।

इस अवसर पर शीतला माता पुजारी रामप्रसाद ध्रुव, रोहित कंवर, नरेशू धीवर, लक्ष्मीनारायण यादव, पंडा सुरुजभान ढीमर, जागेश्वर, तोरण, गंगाराम तारक, जिनेन्द्र, तोरण नगारची, हिमांचल, अश्विनी, ओमप्रकाश, बिदेशी राम, रोहित साहू, एवन साहू, रवि साहू, दिलीप साहू, महेश, अर्जुन, दिलीप साहू, होमेंद्र साहू, नागेश साहू, डाकेश साहू, लोकेश गंजीर, ईश्वर साहू, तुकेश्वर ध्रुव, लीलाधर कमलवंशी, डेमन साहू, रूद्र कुमार, रूपराम, महेंद्र साहू सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

### भैंसबोड़ में दुर्गा प्रतिमा व ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन



## जोत जंवारा एवं मां दुर्गा की प्रतिमा का हुआ विसर्जन





■ महाअष्टमी पर हवन पूजन कर नौ कन्या भोज कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)

क्षेत्र में नवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया गया। महाअष्टमी पर हवन पूजन कर नवमी के दिन जोत जंवारा एवं मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ किया गया। ग्राम चिटौद के शीतला माता मंदिर, त्रिमूर्ति मंदिर, कनेरी के मां कंकालिन मंदिर, कंवर, जगतरा के मां दुर्गा मंदिर,चंडी मंदिर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में महाअष्टमी पर हवन पूजन कर नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसी तरह ग्राम पुरूर, आनंदपुर, बालोदगहन, चंदनबिरही, उसरवारा, फागुनदाह, बोरिदकला, मुड़खुसरा, कुम्हारखान,बागतराई, पेरपार, पेंडरवानी सहित अंचल के सभी गांव के देवी मंदिरों एवं गांवों के पंडाल में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा व जोत जंवारा का विसर्जन भक्ति भाव एवं बाजे- गाजे के साथ किया गया।

## सिलौटी में लेखराम ने रंगमंच बनाने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नवदुर्गा समिति सिलौटी द्वारा दुर्गा उत्सव मनाया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, गोविंद साहू जिला पंचायत सदस्य धमतरी, द्रोणाचार्य साहू,गिरधर साहू सरपंच ने दुर्गा मां की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री साहू ने कहा कि जिस तरह मां दुर्गा की 9 दिन तक पूजा अर्चना की गई। उसी तरह घर में अपने माता-पिता की भी सेवा करें। ग्रामवासियों की मांग पर उन्होंने गांव की आबादी पारा में रंगमंच बानाने की घोषणा की। मौके पर दुर्गा समिति अध्यक्ष दिलीप साहू, सोमन साहू, निरंजन साहू, अर्जुन साहू, शिवप्रसाद पटेल, गिरधारी साहू, धनेश साहू, श्यामू साहू, विजय साहू, राजा साहू उपस्थित थे।





कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

## हसदा में मना हरियाणा में भाजपा की जीत का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

हरियाणा विस चुनाव परिणाम में भाजपा की बंपर जीत का जश्न भाजपा मेघा मंडल शक्ति केंद्र हसदा में देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हसदा के अटल चौक में एकत्र होकर जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। हसदा के अटल चौक के पास भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद ,पीएम का जयघोष करते हुए नारेबाजी की। भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष होरी लाल साहू ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार सत्ता हासिल की है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीत मिली है। यह कार्यकर्ताओं की तपस्या और प्रदेश की जनता जनार्दन का आशीर्वाद है।



मौके पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. दुर्गेश यादव, बूथ अध्यक्ष मनोज यादव, मदनलाल, विधायक प्रतिनिधि रोहित साहू, ग्रामीण अध्यक्ष काशीराम साहू, भूषण यादव, शिवशंकर यादव पूर्व सरपंच, दिनेश पटेल, संजय साहू, नारायण साहू, रोमेंद्र साहू, गजेंद्र साहू, मुकेश विश्वकर्मा, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

**Pride of Dhamtari**

**गितिका ऑटो डील**

आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर

बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा

हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है

प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559

त्यौहारी ऑफर

नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि

धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429

मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273

राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चारामा।** आदिशक्ति पहाड़ावाली रानी माँ मंदिर समिति ग्राम आंवरी बारहग्राम परिक्षेत्र चारामा में बतौर मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी का आगमन हुआ। विधायक के सौजन्य से मंदिर प्रांगण में लोक प्रयाग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अमिता बंजारे सदस्य जनपद पंचायत, ललित नारायण गोटी, रवि शंकर नागवंशी, रासुक लाल, राजकुमारी कोसमा, हिरवेंद्र साहू विधायक प्रतिनिधि, भूषण सिन्हा, ललिता नेताम, महेन्द्र नायक, कृष्णा साहू, विष्णु सिन्हा, झाडूराम साहू, सुखीराम सिन्हा, महेश साहू व पूरन जैन उपस्थित रहे।

### हाटकोंदल में दुर्गा प्रतिमा का किया गया विसर्जन



**दुर्गकोंदल।** हाटकोंदल में नवरात्रि पर नौ दिनों तक माता की प्रतिमा विराजित कर पूजा अर्चना के उपरांत दसवें दिन डीजे की धुन पर नाचते मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नवरात्र के दौरान विविध धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दसवें दिन मां दुर्गा को जसगीत के साथ सेवा अर्जी करते हुए गांव भ्रमण करासा गया। जहां सभी चौक चौराहों में लोगों ने पूजा अर्चना किया और मां की विदाई में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम आरती में आम नागरिक श्रद्धालु भक्त शामिल होकर विदाई दिया।

### अभिरुचि समूह किशनपुरी ने रायपुर में बेचा सीताफल



**कांकेर।** कृषि विभाग एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत गठित राम कृषक अभिरुचि समूह किशनपुरी द्वारा कांकेर वेली फ्रेश सीताफल परियोजना अंतर्गत सीताफल उत्पादन, संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग का कार्य किया गया। ए ग्रेड सीताफल का बॉक्स तैयार कर प्रति बॉक्स 100 रूपए की दर से मरिन ड्राइव तेलीबांधा रायपुर में विक्रय किया जा रहा है। बी एवं सी ग्रेड सीताफल को केरेट्स में पैकिंग कर प्रति कैरेट्स 500-600 रुपए की दर से मंडी रायपुर में विक्रय किया जा रहा है। सीताफल संग्रहण दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर दिनेश कुमार कुंजाम एवं ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर नरहरपुर रोशन कुमार निषाद द्वारा सीताफल ग्रेडिंग, पैकेजिंग, बाजार व्यवस्था पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### पेन-कापी खरीदकर घर लौटता छात्रा बाइक की ठोकर से घायल, रिपोर्ट दर्ज

**पखांजुर।** आवासपारा में रहने वाले नाबालिक 15 वर्षीय अरूण पुराना बाजार में पुस्तक व पेन खरीदने गया था। पुस्तक व पेन खरीदक वापिस घर आ रहा थी, उसी समय पीछे से मोटर सायकल चालक ने लापरवाही ढंग से चलाते हुए नाबालिक को ठोकर मारकर घायल कर दिया। नाबालिक की माँ की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 12 अक्टूबर को मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुँची आवासपारा निवासी उर्मिला बाई पति नारायण धाकड़ ने पुलिस को बताया कि मेरा बेटा अरूण धाकड़ उम्र 15 वर्ष अपने घर से पुराना बाजार बुक डिपो में पेन खरीदने गया था। पेन खरीदकर अपने साईड से अपने घर तरफ आ रहा था, तभी सायं लगभग 4 बजे पीछे तरफ से वाहन पल्सर एनएस 125 सीसी चालक सुजन सरकार द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे पुत्र को ठोकर मार दिया है। ठोकर मारने से मेरे पुत्र के हाथ में गंभीर चोट आया है।

कुरुद व भखारा में रास-गरबा डांडिया महोत्सव का हुआ समापन

# गरबा में मातृशक्तियों की भागीदारी व सहभागिता झलकती है : अजय

- विजेता प्रतिभागियों का सम्मान कर बांटा गया पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

विवेकानंद इंडोर स्टेडियम प्रांगण कुरुद एवं भखारा के रामलीला मैदान में गरबा समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले नौ दिवसीय रास गरबा डांडिया महोत्सव का समापन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ हुआ।

नवरात्रि की महानवमी पर प्रतिभागियों ने पारम्परिक गुजराती परिधान केडिया और रंग-बिरंगी आकर्षक वेशभूषा में नगर की आराध्य देवी मां चण्डी की आराधना एवं देवी स्तुति की। गरबा प्रांगण में समिति के मनीष देवांगन ने कोरियोग्राफर की भूमिका निभाई तथा मैदान में गरबा नृत्य का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गरबा समिति संरक्षक और विधायक अजय चंद्राकर व विशिष्ट अतिथि त्रिलोकचंद्र जैन, आनंद यदु, हरखचन्द जैन, रामगोपाल देवांगन, भारत भूषण पंचायन, योगिता गांधी, भूषण देवांगन, कृष्णकांत साहू ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया तथा प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की। संचालन सूरज देवांगन ने किया। इस आयोजन में पुष्पा तिवारी, वीणा खत्री, प्रसन्न नायडू, प्रतिमा पिल्ले, सुमन बजाज, पूर्वी सुखरामणी, सूरज देवांगन, कशिश जेठानी, भारती सुंदरानी, मनीष देवांगन, मोहन सुखरामणी, दुर्गेश द्विवेदी, योगेश साहू, राहुल वर्द्धयानी, रेखा तिवारी, संगीता श्रीवास्तव, सरिता देवांगन, सरोजनी नाग, रवि तिवारी सहित नगर पंचायत, पुलिस प्रशासन, प्रेस क्लब का सक्रिय सहयोग रहा।





### 16 दिनों तक चला रास गरबा-डांडिया महोत्सव

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि विधायक चंद्राकर ने नगर की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बताते हुए बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में संस्कृति और परंपरा ही पूरे देश को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बांधती है। गरबा समिति के आयोजनों में न केवल मातृशक्तियों की अहम भूमिका है अपितु इस प्रकार के आयोजनों से उन महिलाओं को भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी और सहभागिता मिलती है जो घरेलू कार्यों में व्यस्त रहती हैं। स्वागत भाषण में प्रसन्न नायडू ने बताया कि विगत 16 दिनों से आयोजित इस रास गरबा डांडिया महोत्सव में गुजरात के अहमदाबाद के प्रशिक्षक सन्नी गिल और उनकी टीम ने नगर एवं क्षेत्र के 600 से अधिक प्रतिभागियों को साप्ताहिक प्रशिक्षण देकर गुजरात के लोकनृत्य गरबा नृत्य में पारंगत किया तथा गरबा की बारीकियां सिखाईं। इस वर्ष प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरा युक्त परिसर तथा प्रांगण में पुलिस प्रशासन की विशेष व्यवस्था थी।

### महिला वर्ग में श्वेता और पुरूष वर्ग में शुभम प्रथम

प्रतिदिन के बेस्ट परफारमेंस और निर्णायकों की टीम के मूल्यांकन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। महिला वर्ग में श्वेता चंद्राकर प्रथम, स्मिता चद्राकर और चंद्रकला द्वितीय, पुरूष वर्ग में शुभम उपाध्याय प्रथम, भूषण देवांगन द्वितीय, भुवनेश्वर साहू को सांत्वना, किशोर वर्ग में अमित साहू प्रथम, अमन शर्मा द्वितीय, तुषार साहू, हर्ष नागवंशी, निरंजन देवांगन और गौरव देवांगन को सांत्वना, किशोरी वर्ग से श्रद्धा साहू प्रथम, धात्री कुर्रे द्वितीय, मनीषा राजपूत एवं गोपिका मरकाम तृतीय, युक्ति शर्मा, तृष्ठा चंद्राकर, अदिति सिंह परिहार, वेदिका मुण्डा, वंदना साहू, ज्योति साहू, दक्षिणा सोलंकी, कुमकुम साहू और मानसी साहू को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## शीतला शक्तिपीठ में ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन



- देवी-देवता अपने पूरे स्वरूप में शोभायात्रा में झूमते रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शीतला शक्ति पीठ सिहावा में शारदीय नवरात्रि पर ज्योत जंवारा का विसर्जन परम्परानुसार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महानवमी की प्रातः सरोवर स्नान के लिये शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शीतला तालाब में पहुंचकर जंवारा का विसर्जन किया गया।

ऋषि पंचमी सेवा मण्डली गणेश घाट द्वारा गाये जा रहे माता सेवा के साथ गढ़ के देवी देवता अपने पूरे स्वरूप में डांग, बाना लिये हुए विसर्जन शोभायात्रा में झूमते रहे। माता तालाब में विधि विधान से विसर्जन उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया ।नवमी के अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। फिर माता को भोग लगाकर भण्डारा प्रारम्भ किया गया। समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने क्वांर नवरात्रि पर्व पर मिले सहयोग के लिए सभी का आभार माना। मौके पर समिति के संचालक कलम सिंह पवार, सचिव नेमसिंह बिशेन, नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, गैंदलाल यादव, तुकाराम साहू, गोरख शांडिल्य, गैंदलाल शाण्डिल्य, आचार्य चंद्रहास दुबे, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, परमेश्वर नेताम, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, छबि ठाकुर, रवि ठाकुर, रामलाल नेताम, उत्तम साहू, सचिन भंसाली, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, किशन गजेंद्र समेत बड़ी संख्या में माता के भक्त उपस्थित थे।

### माताओं ने जल अभिसिंचन कर मांगा आशीष

शोभायात्रा में माताओं ने अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए शीतला तालाब से गुंडी में जल लाकर देव विग्रहों व मुख्य ज्योत के सामने जमीन में जल अभिसिंचन कर बारम्बार पेट के बल लेटते रहे जिनके ऊपर से देव विग्रह गुजरते रहे।

## अष्टमी हवन पर नौ कन्याओं का हुआ पूजन

**नगरी।** नगरी ब्लाक के अंतिम छोर पर स्थित स्वयंभू सिद्धिविनायक गणेश, विश्वकर्मा, राधा-कृष्ण एवं शिवजी के मंदिर में शारदीय क्वांर नवरात्रि की अष्टमी हवन पर नौ कन्याओं की पूजा की गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भण्डारा रखा गया। भक्तों को खीर, पूड़ी व भोजन का वितरण किया गया। दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों का



अमूल्य सहयोग रहा।

## छाती में धूमधाम से हुआ प्रतिमा का विसर्जन



**पुरी।** ग्राम छाती के बाजार चौक में लगभग 40-50 वर्षों से नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा रंगमंच में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। मंच को आकर्षक लाइट से सजाया जाता है। प्रतिदिन गांव के भक्त रात्रि तक दर्शन करने पहुंचते हैं। सेवा गीत के माध्यम से माताजी की आराधना की जाती है। दशहरा के दिन हजारों भक्त माता की विदाई में शामिल हुए। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी है।



## खूब बिके रावण के पुतले



**धमतरी।** सोरिद नगर बस्तर रोड में ऑर्डर पर थोक में रावण के पुतले बनाए गए थे। वहीं गणेश चौक पर बच्चों की रामलीला खेलने के लिए छोटे-छोटे रावण 300 से 400 रूपये में बिक रहे थे।

## शोभायात्रा के बाद देवी मूर्ति व ज्योत-जंवारा का हुआ विसर्जन

- श्रद्धालुओं ने माता को श्रीफल भेंटकर मांगा आशीर्वाद
- नवरात्रि पर 9 दिनों तक श्रद्धालुओं ने की मां की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नौ दिनों तक स्तुति आराधना के बाद कुरुद नगर सहित ग्रामीण अंचल में देवी मंदिरों और घरों के ज्योत जंवारा एवं मूर्ति विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। नगर की आराध्य देवी मां चंडी एवं शीतला माता का ज्योत जंवारा जलसन तालाब में विसर्जित हुआ। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर की परंपरा के अनुसार शनिवार को सुबह चंडी देवी और शीतला माता के ज्योत जंवारा का विसर्जन ढोलक की थाप के साथ माता सेवा गीत गाते हुए श्रद्धालुओं ने किया और मातारानी को विदाई दी। इस दौरान गांधी चौक, पचरीपारा, नवा तालाब की देवी मूर्ति को भी विसर्जित किया गया। माता के दर्शन करने बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे थे। ग्रामीण अंचल के ग्राम खैरा, कोकड़ी, कातलबोड़, बारना, मोंगरा, परखन्दा, जोरातराई, सिलौटी, खपरी, चरमुड़िया, चर्रा में भी शुक्रवार व शनिवार को लगातार तीन दिनों तक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला लगातार देर शाम तक चलता रहा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ देखी गई।





मेघनाथ वध का मंचन देखने उमड़ी भीड़, पुराना स्कूल चौक में हुआ कार्यक्रम

## दिव्यांग स्कूल के बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री के पुराना स्कूल चौक में मूकबधिर बच्चों का नृत्य प्रदर्शन एवं मेघनाथ वध का मंचन किया गया। यह कार्यक्रम कैलाश देवांगन, राजू नेताम, लिनेंद्र देवांगन एवं जय अम्बे मां दुर्गा युवा समिति के सहयोग से आयोजित किया गया।

शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं मां दुर्गा के दैवीय गीतों पर मनोरम प्रस्तुति दी गई। आकृति मरकाम, खेमराज साहू, डिकेश्वरी साहू, नीलिमा साहू, यशवंत ध्रुव, अर्जुन ध्रुव, प्रीतम पाल, चुनीलाल साहू आदि शामिल रहे। दिव्यांग स्कूल के बच्चों को कॉपी पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। स्टाफ का भी पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। इसके साथ ही गांव के युवाओं एवं बच्चों द्वारा मेघनाथ वध की नाट्य लीला प्रस्तुति दी गई। धवल साहू ने श्रीराम, पोखराज यादव ने लक्ष्मण, तोषल साहू ने मेघनाथ का किरदार निभाया। कार्यक्रम देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी। बजरंग मानस मंडली द्वारा दोहा चौपाई सहित भजन की गायन की प्रस्तुति दी गई जिसमें रोहित निर्मलकर, कलीराम ध्रुव, घनश्याम पटेल आदि सदस्य लोग शामिल रहे। मंच का संचालन भूपेंद्र साहू ने किया।

मौके पर दिव्यांग आवासीय विद्यालय के डॉ. मनोज साहू अध्यक्ष, मनीषा नेताम अधीक्षक, गीतेश्वरी साहू, पुष्पा निषाद, प्रियंका नागवंशी, मनीषा साहू, संजू नागवंशी, उमा नागवंशी, जानकी ध्रुव, एनकुमारी साहू, खिलेश्वरी ध्रुव, आयंती कावड़े सहित राजू नेताम, लिनेंद देवांगन, जय अम्बे दुर्गा युवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।





### शाला के विकास पर की चर्चा

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की उपस्थिति, घर में पढ़ाई लिखाई के स्थान, समय, गृहकार्य में बच्चों एवं पालकों की रुचि, परीक्षा परिणाम, पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

खबर संक्षेप

## आरक्षक ने शासकीय क्वार्टर में लगाई फांसी

**जगदलपुर।** परपा थाना के पीछे बने शासकीय क्वार्टर में रहने वाले आरक्षक दिनेश मिच्चा 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही परपा पुलिस मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए मेकाज भेजा, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## दशहरा मंद बाजार में दारू बेचतीं महिलाएं



**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा न केवल पर्व है बल्कि पूरे संभाग से आने वाले अलग-अलग जनजातियों का विभिन्न रूप देखने का समागम स्थल है। जिस तरह साप्ताहिक बाजारों में वनोपज और अन्य सामानों का आदान प्रदान होता है उसी तरह दशहरा में भी पर्व के आखरी के 3-4 दिन तक मंद बाजार लगता है। जहां अपने साथ देशी मदिरा लाने वाली महिलाएं शराब बेचकर अपने श्रृंगार और जरूरत के सामान खरीदकर ले जाती हैं। पहले मंद बाजार संजय बाजार हनुमान मंदिर के पास स्थित वन विभाग के परिसर में लगता था। इस साल तहसील आफिस के सामने लगा है। तहसीलदार कार्यालय को तोड़ फोड़कर वहां टेम्पल कमेटी के लिए व्यवस्था की गई है। तहसीलदार कार्यालय कलेक्टोरेट के आगे एसडीएम कार्यालय के साथ लगने लगा है। मंद बाजार में महिलाएं देशी महुआ की शराब के अलावा चखना भी बेचती हैं। शहर के मदिरा प्रेमियों के अलावा गांव के लोगों को भी यहां मद्यपान करते देखा जाता है। दशहरा पर्व में मंद बाजार में किसी तरह का कोई बंदिश नहीं होता है। पुलिस भी पर्व को देखते हुए नजर उधर नहीं करती है। यह व्यवस्था रियासतकाल से चली आ रही है।

## मानसून लौटी, गंगालूर में सर्वाधिक 80 एमएम वर्षा से लोग हैं परेशान

**जगदलपुर।** दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी प्रारम्भ हो गई है, बस्तर में अभी भी बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को दक्षिण बस्तर के बीजापुर जिले के सुदूर गंगालूर में 80 एमएम वर्षा हुई। जिससे उस इलाके के लोग हलाकान रहे। पिछले 24 घण्टो के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े 8 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक दक्षिण बस्तर के कुछ इलाके में बारिश दर्ज की गई। बीजापुर जिले के गंगालूर में 8 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। उसूर में 4 एमएम, बीजापुर 3 एमएम, कटेकल्याण 3 एमएम, दोरनापाल 2 एमएम, जगरगुंडा 2 एमएम, बड़े बचेली 1 एमएम, भोपालपटनम 1 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

## चलित प्रयोगशाला वैन टीम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की

**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग के परिक्षेत्र परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला परिक्षेत्र के चलित प्रयोगशाला वेन की ओर से बस्तर संभाग के सातों जिलों के सड़क की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। सितंबर माह में सिर्फ एक ही सड़क कोंडागांव संभाग के नरना-उन्दरा मार्ग की जांच की, जबकि इसके लिए पृथक से कार्यपालन अभियंता पदस्थ किया गया है, निरीक्षण के दौरान टीम ने बीटी कोर का सैम्पल लिया। इससे तीन माह पूर्व चलित प्रयोगशाला वेन की टीम ने कांकेर संभाग के कांकेर के दुधावा से मुरूमसिल्ली मार्ग, दुधावा मार्ग, कांकेर शहर के चौड़ीकरण, उन्नयन कार्य, भानुप्रतापुर संभाग के सम्बलपुर से सीलपट मार्ग, राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग निर्माण कार्य, उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक-2 का ग्राम भैसगांव-ठोटीपारा-अलवाही मार्ग का निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच की थी।

विविधताओं से भरा रहा धमतरी जिले में विजयादशमी का उत्सव

# कहीं आंगा सांगा के साथ उत्सव, तो कहीं रावण दहन बिना ही दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में विविधताओं का दशहरा उत्सव मनाया गया। ग्राम भानपुरी में तो आंगा सांगा के साथ गांव के सभी देवी देवता रावणवध स्थल में उपस्थित रहे। वहीं ग्राम तेलीनसत्ती में करीब 15 साल बाद दशहरा का उत्सव मनाया गया। ग्राम करेठा में पंद्रह साल पहले ही यह मिथक तोड़ दिया गया था कि रावण दहन करने से कोई अनिष्ट हो सकता है। देश प्रदेश की बात छोड़ दें, हमारा धमतरी जिला ही विविधताओं से भरा हुआ है। यहां हर त्योहार कुछ गांवों में अलग-अलग ढंग से मनाते हैं। इसी में से एक दशहरा का पर्व है। शनिवार को पूरे देश में बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव दशहरा मनाया गया। अधिकांश गांवों में व शहरों में रामलीला मंचन के बाद रावण के पुतले का दहन कर एक दूसरे को उत्सव की बधाई दी। ग्राम भानपुरी में इस पर्व को कुछ अलग ढंग से मनाया जाता है। यहां नवमी के दिन शुक्रवार को मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन कर दिया गया था। दशहरा का उत्सव शनिवार को दोपहर 12 बजे से शुरू हो गया था, जब गांव की आराध्य देवी माता डिवहारिन की डंगनी निकाली गई। एक के बाद एक सभी देवी देवताओं की डंगनी निकली गई। इसके बाद आंगा देव की पालकी भी निकली। चार लोगों के कंधे पर झूमते हुए आंगादेव व देवी देवताओं की डांग डंगनी ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान खेला जंवारा भी निकाला गया। शाम 6 बजे विर्सजन के बाद यह कार्यक्रम पूरा हुआ। इसके बाद रावण दहन का कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें देवी-देवताओं की डंगनी के सामने ही रामलीला का मंचन हुआ। सुबह से रात तक गांव में उत्सव का माहौल था। रात में रावण के पुतले का दहन कर कार्यक्रम का समापन हुआ।



### ग्रामीणों ने तोड़ दिया भ्रम

ग्राम करेठा में कुंवारीडीह है। यहां होलिका दहन आज भी नहीं होता है। पहले यहां पर भी रावण दहन भी नहीं किया जाता था। माना जाता था कि यहां पर रावण दहन से कुछ अनिष्ट हो जाएगा। 15 साल पहले इस मिथक तो तोड़ते हुए ग्रामीणों ने रावण दहन शुरू किया। रामलीला का मंचन भी शुरू किया। अब यहां पर रावण दहन की परंपरा चालू हो गई है लेकिन कोई रामलीला मंडली एक्टिव नहीं है, जिसके चलते रामलीला का मंचन नहीं होता है। बच्चों को राम, लक्ष्मण, रावण सहित रामायण के अन्य पात्रों के वेश में सजाकर शोभायात्रा निकाली जाती है और रावण के पुतले को जलाया जाता है।

### सेमरा सी में जला रावण

ग्राम सेमरा सी में सिरदार देव के आदेश पर हर प्रमुख त्योहार एक सप्ताह पहले ही मना लिया जाता है। दिवाली भी एक सप्ताह पहले मनाई जाएगी लेकिन दशहरा का पर्व निर्धारित तिथि यानी शनिवार को ही मनाया गया। गांव के प्रमुख नागरिक गजेंद्र सिन्हा और नैतिक सिन्हा ने बताया कि 3 बजे ही पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम 7 बजे रामलीला का मंचन शुरू हुआ। इस दिन गांव में काम बंद रखा गया था। 12 बजे रामलीला समाप्त होने पर रावण दहन किया गया।



**15 साल बाद मना दशहरा, एक दिन पहले ही मार दिया रावण**

ग्राम तेलीनसत्ती कुंवारीडीह है। इसलिए यहां परंपरा के अनुसार ग्रामीण न तो रावण दहन करते हैं और न ही होलिका। यहां तक मृतकों का दाह संस्कार कार्यक्रम भी गांव की सीमा से बाहर किया जाता है। 15 साल पहले यहां पर रामलीला का मंचन किया जाता था। रामलीला में रावण वध के मंचन के बाद कार्यक्रम समाप्त कर दिया जाता था। रावण दहन नहीं होता था। 15 साल से रामलीला का मंचन भी बंद था। यहां दशहरा का पर्व ही नहीं मनाया जा रहा था। इस साल से यह परंपरा फिर से शुरू की गई। लंबे समय से रामलीला का मंचन नहीं होने के कारण गांव में कोई रामलीला मंडली एक्टिव नहीं है। ऐसे में एक दिन पहले ही रामलीला का मंचन करवाना पड़ा। ग्राम कोलियारी की मंडली ने यहां नवमी को रामलीला की प्रस्तुति दी।

## शराब दुकानों में लौटी रौनक, मयकशों की लगी कतार

- रत्नाबांधा रोड की अंग्रेजी शराब दुकान में देशी शराब उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवरात्रि पर्व समाप्त होने के बाद शराब दुकानों में रौनक लौट आई है। शनिवार को शहर के मदिरालयों में मयकशों की लंबी कतार लगी रही। इधर हटकेशर शराब दुकान में लूटपाट की घटना को देखते हुए आबकारी विभाग ने रत्नाबांधा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में देशी शराब उपलब्ध करा दी है। जिले में 27 शराब दुकानें हैं। 8 लाख की जनसंख्या वाले जिले में सालाना चार सौ करोड़ से अधिक की बिक्री होती है। आबकारी विभाग के आंकड़े बताते हैं कि मयकशों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। सन 2022-23 में 2 लाख 99 हजार 979 लीटर शराब बेची गई। वहीं सन 2023-24 में 3 लाख 51 हजार 189 लीटर शराब बिकी। देशी शराब में 17.07 प्रतिशत की अधिक खपत हुई है। अंग्रेजी शराब बीते साल 73584 लीटर तथा मौजूदा वर्ष में 86196 लीटर बिकी। इसमें 17.14 प्रतिशत सालाना खपत बढ़ी है। जिले में औसत एक से सवा करोड़ रूपए की शराब बिकती है।



### 9 दिनों तक सन्नाटा पसरा रहा

हटकेशर देशी शराब दुकान में खोमचा चलाने वाले मुकेश साहू ने बताया कि अंचल के लोगों में नवरात्रि पर्व पर गहरी आस्था है। इस पर्व में शराब के बिना नहीं रहने वाले लोग भी शराब का त्याग कर देते हैं। इस कारण शराब दुकानों में 9 दिनों तक सन्नाटा पसरा रहा। धंधा 25 प्रतिशत तक सिमट गया था। शनिवार से शराब दुकानों की रौनक फिर लौट आई है।

### अंग्रेजी दुकान में देशी माल

हटकेशर देशी शराब दुकान सूनसान एरिया में होने के कारण यहां शराब खरीदने वाले मयकशों के साथ आए दिन लूटपाट की घटना होती रहती है। असामाजिक तत्वों के बढ़ते जमावड़े और चाकूबाजी को लेकर वार्डवासी शराब दुकान को हटाने की लगातार मांग कर रहे है। गत दिनों सांसद रूपकुमार चौधरी से भी शराब दुकान को हटाने की मांग की थी। फिलहाल आबकारी विभाग ने हटकेशर शराब दुकान को संवेदनशील मानते हुए रत्नाबांधा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में देशी शराब मसाला एवं प्लेन उपलब्ध करा रही है।

## धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों जरूरी : विनोद

- शिवाजी प्रभात शाखा में विजयादशमी पर्व मनाया गया, शस्त्र पूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिवाजी प्रभात शाखा में विजयादशमी पर्व मनाया गया। शस्त्र पूजन किया गया। शिवाजी प्रभात शाखा में शनिवार को प्रातः 6.30 बजे संघ के स्वयंसेवक संपत हुए। ध्वज प्रणाम के बाद एकल गीत, सामूहिक गीत अमृत वचन पश्चात अतिथियों द्वारा दीप जलाकर भारत माता और संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार, गुरुजी की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद शौर्य के प्रतीक शस्त्र की पूजा की गई। विजयादशमी महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र थे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद राव रणसिंह थे। मुख्य वक्ता श्री रणसिंह ने शस्त्र पूजन का महत्व बताते हुए कहा कि राजा महाराजा जब युद्ध में जाते थे, उससे पहले शस्त्रों की पूजा की जाती थी। अब तीर, तलवार का समय नहीं है। अब समय धीरे -धीरे बदल रहा है। आज शिक्षा की जरूरत है। समाज को शिक्षित कर समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाना है। यदि समाज कमजोर होगा तो उसे लोग दबाने की कोशिश करेंगे। आज हिंदू समाज को संगठित होकर रहने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। यदि कोई हिंदू समाज को दबाने की कोशिश करता है तो उसका प्रतिकार करने की जरूरत है। धर्म और समाज की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों की आवश्यकता है। शस्त्र स्वयं की रक्षा के लिए और शास्त्र (शिक्षा) समाज के उत्थान के लिए आवश्यक है। उद्बोधन पश्चात संघ की प्रार्थना की गई।



इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक लक्ष्मणराव मगर, राघवराव रणसिंह, राजू सोनकर, कैलाश राव भोसले, धनेश्वर यादव, राजकुमार पटेल, गंगाप्रसाद सिन्हा, गणेश विश्वकर्मा, विजय साहू, नितेश कुंभकार, योगेश साहू, मानव यादव, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट, लक्ष्य पटेल, अयांश सिंह उपस्थित थे।

## समाज में एकता ही उसकी ताकत है : पं. राजेश

- आयुषी को मिली सोने की अंगूठी, ब्रम्ह गरबा के समापन पर महिलाओं ने किया शौर्य प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




101 सुहागिनों की पूजा व विशाल कन्याभोज के साथ ब्रम्ह गरबा महोत्सव और नवरात्रि की आराधना का समापन किया गया। शनिवार को गरबा का अंतिम दिन था। आयुषी पांडे और अंकिता प्रथम स्थान पर रही, जिन्हें पुरस्कार में सोने की अंगूठी दी गई। ब्राम्हण समाज द्वारा नवरात्रि पर किले के श्री राम मंदिर में ब्रम्ह गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें हर दिन प्रतिभागी नए- नए थीम पर गरबा करते रहे। प्रतिभागियों के अतिरिक्त समाजजनों ने भी गरबा में भाग लिया। गरबा के अंतिम दिन महिला मंच व युवा मंच के संरक्षक पंडित राजेश शर्मा, सुमीत उपाध्याय निज सचिव विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़, प्रकाश शर्मा एवं विकाश शर्मा शामिल हुए। राजेश शर्मा द्वारा मातृशक्तियों को साड़ी भेंट की गई। उन्होंने कहा कि गरबा का आयोजन कई जगहों पर होता है। हमारे आराध्य प्रभु श्री रामचन्द्र भगवान के पन्द्रह सौ वर्ष पुराने मंदिर में गरबा का उत्सव सराहनीय है। समाज द्वारा अपनी एकता और प्रेम का परिचय देते हुए लगातार सात वर्षों से गरबा का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि पर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा स्वरूप सुहागिनों एवं कन्याओं के पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पांच दिन चली गरबा प्रतियोगिता में बम्पर इनाम में सोने की अंगूठी आयुषी पाण्डेय को मिली। प्रथम अंकिता मिश्रा, द्वितीय मान्या उपाध्याय व तृतीय सीमा उपाध्याय रही। ब्राम्हण महिला मंच अध्यक्ष बरखा शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा हाथों में तलवार लेकर महिसासुर मर्दनी गाने पर ग्रुप गरबा का प्रदर्शन किया गया। अगले दिन सुबह 101 सुहागिन पूजन व विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेन्द्र श्रोती, भूपेंद्र मिश्रा, सूरज तिवारी, दीप शर्मा, शशांक मिश्रा, डिगेश शर्मा, विक्रांत शर्मा, पीयूष पाण्डेय, युवराज शर्मा, गोपाल शर्मा, अनिल पाण्डेय, हरीश चौबे, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, जनेन्द्र शर्मा, विकास शर्मा, रत्नेश मिश्रा, समीर पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, सागर मिश्रा, प्रियांशु पाण्डेय, दर्श शर्मा, श्रीमती रागिनी मिश्रा, हिना मिश्रा, प्रभा मिश्रा, आशा श्रोती, अर्चना पाण्डेय, सीमा चौबे, सुहासिनी शर्मा, नीलम शुक्ला, गौरी मिश्रा, प्रतिमा पाण्डेय, मंजु शर्मा, गीता पाण्डेय, सुशीला शर्मा, कविता मिश्रा, वंदना शर्मा, रजनी दुबे, निर्मला शर्मा, ममता शर्मा, ज्योति शर्मा, दीपिका शर्मा, प्रीति तिवारी, प्रियंका शर्मा, एकता शर्मा, शोभा दुबे, सविता पाण्डेय, हेमलता रजोरिय, इंद्रा दुबे, डॉली तिवारी, सरिता मिश्रा, मेघा मिश्रा, श्रेया शर्मा, पूर्वी शर्मा, सरिता तिवारी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## दशहरा पर्व मनाने के पूर्व ही अज्ञात लोगों ने लगा दी रावण के पुतले को आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

- पुतला हुआ जलकर खाक, जांच में जुटी पुलिस

नगर पंचायत भखारा में दशहरा पर रावण दहन की तैयारी की गई थी। इसी बीच अज्ञात तत्वों ने मध्य रात्रि में 40 फ़ीट रावण को आग के हवाले कर दिया। आग से शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी शिकायत थाने में की गई है। नगरवासियों ने थाना भखारा में दिए आवेदन में बताया कि इस वर्ष भी नगर पंचायत भखारा के रामलीला मैदान में नगरवासियों के सहयोग से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके लिए लगभग 40 फुट का पुतला बनाया गया था। नगर पंचायत के शासकीय वाहन लिफ्टर क्रेन का उपयोग रावण पुतला बनाने में किया जा रहा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात्रि में रावण के पुतले को आग के हवाले कर दिया जिससे शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। सांसद प्रतिनिधि रामगोपाल देवांगन ने बताया कि अज्ञात लोगों ने पहले लाइट बंद की। इसके बाद पुतला को जलाया। रात को लगभग 12 बजे तक पूरी तैयारी करके सभी अपने घर चले गए थे। चारों तरफ लाइट जल रही थी। उसके जाने के बाद घटना को अंजाम दिया गया। इसकी शिकायत थाने में की गई है




ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष नगर बस्ती पंचायत भखारा द्वारा रामलीला का आयोजन किया जाता है लेकिन इस वर्ष बस्ती पंचायत भठेली द्वारा आयोजन किया जा रहा है। इससे जन आक्रोश फैल गया। इसी के चलते अज्ञात व्यक्तियों ने रावण के पुतले को जला दिया। इस बात की चर्चा चौक-चौराहों में हो रही है।

इस संबंध में नगर पंचायत के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने कहा कि उन्हें सुबह सूचना मिली कि अज्ञात लोगों ने रावण के पुतले को आग लगा दी है। इससे वहां पर लिफ्ट क्रेन की टोकरी भी जल गई है। वहीं भखारा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि नगरवासियों ने आवेदन दिया है कि अज्ञात लोगों ने रावण के पुतले को आग के हवाले कर दिया है। मामले को विवेचना में लेकर पतासाजी की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सेवानिवृत्त विद्युत कर्मियों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** धमतरी संभाग के सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारियों की बैठक पावर हाउस में हुई। बैठक में सेवानिवृत कृपाराम साहू, कलाराम वर्मा एवं रामूलाल साहू लाइनमेन का संगठन द्वारा सम्मान किया गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

शहर की गौरवशाली परंपरा को जीवंत बनाए रखने भाजपा पार्षदों ने की पहल

# झांकियों पर पुष्प वर्षा कर समितियों को किया सम्मानित

- सार्वजनिक, धार्मिक तथा सेवाभावी कार्यों को संपन्न कराना हमारा जनधर्म : मोटवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर की गौरवशाली परंपरा झांकी को जीवंत बनाए रखने के लिए भाजपा पार्षदों ने की सार्थक पहल की है। ज्ञात हो कि नवरात्रि एवं गणेशात्सव की अनंत चतुर्दशी पर शहर में पहले भव्य एवं दिव्य झांकी निकलती थी लेकिन कुछ वर्ष से यह आयोजन वृहद रूप में नहीं हो पा रहा था। इसी आगे बढ़ाने तथा समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं पार्षद विजय मोटवानी के नेतृत्व में पार्टी के प्रमुख नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा बालक चौक में विशाल मंच बनाकर शहर के शास्त्री चौक से सदर बाजार की ओर निकलने वाली सभी झांकियों पर पुष्प वर्षा कर समितियों को प्रतीक चिन्ह तथा इनाम प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है।

रामू रोहरा ने कहा कि शहर ने हमें एक पहचान प्रदेश स्तर से लेकर अनेक सार्वजनिक जगह पर दी है। हमारा भी नैतिक दायित्व है कि हम शहर की गौरवशाली परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए अपना योगदान देने के लिए सामने आएं। मैं हमेशा सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर हूं। पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में प्रत्येक सार्वजनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक सहित सेवाभावी सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए कार्यों को संपन्न करने के लिए सभी पार्षद हमेशा तत्पर रहेंगे।

धार्मिक कार्यों को गति प्रदान करने के लिए मंच पर नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, महामंत्री अविनाश दुबे, मंडल अध्यक्ष विजय साहू, डीपेंद्र साहू, चंद्रकला पटेल, पार्षदगण दीपक गजेंद्र, मिथिलेश सिन्हा, अज्जू देशलहरे, हेमंत बंजारे, श्यामा साहू, प्राची सोनी, नीलू डागा, सुशीला तिवारी, श्यामलाल नेताम, बिशन निषाद, पन्ना थवाइत, दौलत वाधवानी, रिंकी गंगवानी, रुक्मणि सोनकर, मनीष असवानी, मुकेश यादव, सुनील निर्मलकर, राकेश राव, महेश यादव, गोलू यादव, पिंकी शाह उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से
18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9, 100/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411